संलग्नक-19

क.मुं. हिंदी एवं भाषाविज्ञान विद्यापीठ
डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

दिनांक: 30 अप्रैल, 2022

के. एम. आई. की अकादमिक समिति (Academic Committee) की बैठक का कार्यवृत्त

आज दिनांक 30.04.2022 को विद्यापीठ की अकादमिक समिति (Academic Committee) के. एम. आई. के निदेशक कक्ष में आयोजित की गई, जिसमें बाह्य विशेषज्ञ के रूप में प्रोफेसर हरिमोहन एवं प्रोफेसर खुशीराम शर्मा उपस्थित रहे ।

बैठक में सर्वसम्मति से निम्न निर्णय लिए गए-

1. पत्रकारिता एवं भाषा संकाय के विभिन्न विषयों (हिंदी, संस्कृत, अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन, रुसी एवं भाषाविज्ञान) के तीन-वर्षीय स्नातक हेतु उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी NEP-2020 के अंतर्गत प्रस्तावित न्यूनतम एकीकृत पाठ्यक्रमों एवं उससे संबंधित अध्यादेशों (GO No 401/70-3-2022 dated 09.02.2022) को स्वीकृति प्रदान की गयी। इन विषयों को स्नातक स्तर पर सत्र 2022 – 23 से प्रारंभ करने की भी स्वीकृति प्रदान की गयी। यह सभी विषय तीन-वर्षीय स्नातक स्तर पर स्ववित्तपोषित योजना के अंतर्गत संचालित किया जाएगा।

2. हिंदी, संस्कृत, भाषाविज्ञान एवं संगणकीय भाषाविज्ञान (Computational Linguistics) के पारास्नातक कार्यक्रमों के अध्यादेशों में NEP-2020 के अनुसार क्रेडिट एवं शोध प्रबंधों से संबंधित संशोधन हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी। कम्प्यूटेशनल लिंग्विस्टिक्स का पारास्नातक कार्यक्रम (M.Sc. in Computational Linguistics) वर्तमान की तरह ही स्ववित्तपोषित योजना के अंतर्गत संचालित किया जाता रहेगा।

3. हिंदी, संस्कृत एवं भाषाविज्ञान के PGDR कार्यक्रम के अध्यादेशों, पाठ्यक्रमों एवं नियमावली को स्वीकृति प्रदान की गयी। PGDR कार्यक्रम के सभी विषय स्ववित्तपोषित योजना के अंतर्गत संचालित किया जाएगा।

4. उपर्युक्त सभी कार्यक्रमों के संचालन के लिए संस्थान में पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हैं।

प्रोफेसर खुशीराम शर्मा, बाह्य विशेषज्ञ
आगरा कालेज (सेवानिवृत्त), आगरा

प्रोफेसर हरिमोहन, बाह्य विशेषज्ञ
कुलपति, जे.एस. विश्वविद्यालय, शिकोहाबाद

डॉ. नीलम यादव, सहायक प्रोफेसर, के. एम.आई.
सदस्य

प्रोफेसर उमेश चंद्र शर्मा
अधिष्ठाता (कला संकाय)

प्रोफेसर प्रदीप श्रीधर, अध्यक्ष
निदेशक, के. एम.आई.

सहायक कुलसचिव (शैक्षिक)
विद्या परिषद की आगामी बैठक में रखे जाने हेतु अग्रसारित।

(प्रोफेसर प्रदीप श्रीधर)
निदेशक, के. एम.आई.

Signature Not Verified
RAJEEV KUMAR
Digitally Signed By: Registrar